संख्या- 18 / 2017 / 2750 / चार-2016 -33 (बजट)/15

प्रेषक,

लुटावन राम
उप सचिव
उत्तर प्रदेश शासन

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ।

संस्कृति अनुभाग: लखनऊ: दिनांक 07 मार्च , 2017

विषय:- वित्तीय वर्ष 2016-17 में उ0प्र0 राजकीय अभिलेखागार परिसर में आर्काइवस गैलरी के निर्माण हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति ।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उ0प्र0 राजकीय अभिलेखागार परिसर में आर्काइवस गैलरी के निर्माण किये जाने हेतु कार्यदायी संस्था उ0प्र0आवास एवं विकास परिषद, निमार्ण इकाई, हरदोई द्वारा गठित आगणन धनराशि रू0 1615.67 लाख का परीक्षण प्रायोजना रचना एवं मूल्यांकन प्रभाग द्वारा करते हुए कार्य की मूल्यकित लागत रू0 1219.51 लाख के सापेक्ष शासनादेश संख्या- 27/2016/87/चार-33(बजट)/2015 दिनांक 15 फरवरी 2016 द्वारा धनराशि रू0 200.00 लाख तथा शासनादेश संख्या-140 /2016/1144 /चार-2016 - 33(बजट)/2015 दिनांक 03 अगस्त, 2016 द्वारा रू0 150.00 लाख अर्थात कुल रू0 350.00 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी । तद्क्रम में वर्तमान वित्तीय वर्ष 2016-17 में प्रश्नगत कार्य हेतु रू0 300.00 लाख (रूपये तीन करोड मात्र) का बजट प्राविधान के सापेक्ष अवशेष धनराशि रू0 150.00 लाख (रूपये एक करोड पचास लाख मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष प्रदान करते है।

2- प्रश्नगत परियोजनान्तर्गत निर्माण कार्य आदि विषयक सापेक्ष शासनादेश संख्या-27/2016/87/चार-33(बजट)/2015 दिनांक 15 फरवरी 2016 तथा शासनादेश संख्या-140 /2016/1144 /चार-2016 - 33(बजट)/2015 दिनांक 03 अगस्त, 2016 में उल्लिखित प्रतिबन्ध /शर्ते यथावत् रहेंगी।

3- उपर्युक्त स्वीकृति से सम्बन्धित व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2016-17 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-92- के अन्तर्गत आयोजनागत मद के लेखाशीर्षक-4202-शिक्षा,खेलकूद,कला तथा संस्कृति पर पूॅजीगत परिव्यय -04-कला तथा संस्कृति -800-अन्य व्यय - 33- उ0प्र0राजकीय अभिलेखागार,लखनऊ परिसर में आर्काइवल गैलरी निर्माण-24 वृहद निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या- 1/2016/बी-1-746/दस-2016-231/2016 दिनांक 22 मार्च,2016 में प्राप्त दिशा निर्देशों के अन्तर्गत प्रशासकीय विभागो को प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(लुटावन राम)
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in/

संख्या - 18 / 2017 / 2750 (1)/चार-2016 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- प्रधान महालेखाकार, (लेखा व हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0आवास एवं विकास परिषद, लखनऊ ।
3- वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय , उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ ।
4- मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
5- निदेशक, उ0प्र0 राजकीय अभिलेखागार, लखनऊ।
6- महा प्रबन्धक, उ0प्र0आवास एवं विकास परिषद, लखनऊ ।
7- परियोजना प्रबन्धक, उ0प्र0आवास एवं विकास परिषद, निमार्ण इकाई, हरदोई।
8- वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-7/ वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/नियोजन अनुभाग-4
9- गार्ड फाइल।

आज्ञा से ,

(लुटावन राम)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in/

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।